# INDIAN SCHOOL SOHAR
# TERM-II EXAM -2017-18

कक्षा : VI | विषय : हिन्दी | पूर्णांक : 80

दिनांक : 6-3-2018 | समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश: **1.**इस प्रश्न पत्र के कुल चार खंड हैं-क,ख,ग,घ।

**2.**प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।

**3.**चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

## खंड-क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न **1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **10**

जब किसी शहर से बाहर निकलते हैं,तो सड़क के दोनों ओर लहलहाते खेत देखकर मन आनंदित हो जाता है।शहरों की भीड़-भाड़ और शोर भरे वातावरण के विपरीत गाँव का जीवन अत्यंत शांत और सरल दिखाई देता है।आज भी भारत के गाँवों में देश की लगभग **70** प्रतिशत जनसंख्या बसती है।किसान सुबह-सवेरे खेतों की ओर निकल पड़ते हैं। पक्षियों की चहचहाहट व हरे-भरे खेत देखकर किसका मन वहीं रुक जाने को नहीं करता? सरकार द्वारा गाँवों की उन्नति के लिए निरंतर प्रयास किए जाते हैं,जिससे गाँवों के वातावरण में बदलाव आ रहा है।गाँव तेज़ी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहे हैं,परंतु कुछ गाँवों में अभी भी सुधार की आवश्यकता है।गाँवों में देश की आत्मा बसती है।हम सभी को गाँवों में होने वाले सुधार -कार्यों के लिए जो भी योगदान हो सके अवश्य देना चाहिए,ताकि गाँववाले उसे छोड़कर शहरों की ओर न भागें।

प्रश्न:-

(क) शहर का वातावरण कैसा होता है?

(ख) किसान प्रात: काल कहाँ जाते हैं?

(ग) हमारा मन क्या देखकर प्रसन्न हो जाता है?

(घ) गाँव का जीवन कैसा होता है?

(ङ) भारत के गाँव में देश की लगभग कितनी जनसंख्या बसी है ?

(च) गाँवों की उन्नति के लिए निरंतर प्रयास किसके द्वारा किया जा रहा है ?

(छ) देश की आत्मा कहाँ बसी है?

(ज) ज़रूरत -शब्द का समानार्थक गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए।

(झ) कठिन - शब्द का विलोम गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए ।

(ञ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

## खंड-ख (व्याकरण)

प्रश्न **2.(i)** निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए। **2**

(क) आर्शीवाद (ख) महत्व (ग) सन्यासी (घ) निरदोष

**(ii)** निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। **2**

(क) रोगी मोहन को काटकर सेब खिलाओ।

(ख) पौधे पर अनेकों फूल लगे हैं।

प्रश्न **3.(i)** निम्नलिखित शब्दों के वचन पहचानकर लिखिए। **2**

(क) दर्शन (ख) वर्षा (ग) आँसू (घ) डलिया

**(ii)** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए। **2**

(क) लड़की गुड़िया से खेलती है।

(ख) तालाब में मछलियाँ तैर रही हैं।

प्रश्न **4. (i)** निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए। **2**

(क) साधु (ख) कौआ (ग) मछली (घ) लेखिका

**(ii)** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए। **2**

(क) धोबी कपड़े साफ़ कर रहा है।

(ख) पिता जी बाज़ार जा रहे हैं।

प्रश्न **5.** निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। **2**

(क) साफ़ (ख) मुश्किल (ग) शाकाहारी (घ) सज्जन

प्रश्न **6.** प्रत्येक वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए। **2**

(क) सौ वर्षो का समय (ख) जिसमें रस न हो

प्रश्न **7.** निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थक शब्द लिखिए। **2**

(क) भाग (ख) पानी

प्रश्न **8.** निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को पहचानकर भेद लिखिए। **2**

(क) यहाँ कोई आया था।

(ख) वे फुटबॉल खेल रहे हैं।

प्रश्न **9.** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के कारक -भेद लिखिए। **2**

(क) माँ ने खाना बनाया।

(ख) यह पुस्तक श्रुति की है।

प्रश्न **10.** निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं के भेद लिखिए। **2**

(क) रोहन पुस्तक पढ़ रहा है।

(ख) बच्चा हँस रहा है।

प्रश्न **11.** निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए। **1**

(क) पंच (ख) अश्रु

## खंड-ग (पाठ्य-पुस्तक)

प्रश्न **12.** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए:- **6**

सुबह आठ बजे वह घर से निकल पड़ता। टिकट जमा करनेवाले सारे लड़कों के चक्कर लगाता। दो ऑस्ट्रेलिया के टिकटों के बदले एक फिनलैंड का टिकट लेता। दो पाकिस्तान के बदले एक रूस का। बस शाम, जैसे ही घर लौटता,बस्ता कोने में पटककर अम्मा से चबेना लेकर निकर की जेब में भर लेता और खड़े-खड़े कॉफ़ी पीकर निकल जाता। चार मील दूर अपने दोस्त के घर से कनाडा का टिकट लेने पगडंडियों में होकर भागता। स्कूल भर में उसका अलबम सबसे बड़ा था। राजप्पा के पास जितने टिकट थे उतने नागराजन के अलबम में नहीं थे। सरपंच के लड़के ने उसके अलबम को पच्चीस रुपए में खरीदना चाहा था, पर वह नहीं माना।'घमंडी कहीं का',राजप्पा बड़बड़ाया था।

प्रश्न:-

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए।

(ख) राजप्पा को किस चीज़ का शौक था?

(ग) सरपंच का लड़का क्या खरीदना चाहता था ?

(घ) राजप्पा ने अलबम के लिए टिकटें कैसे एकत्रित की थीं?

(ङ) गद्यांश में जिन देशों के नाम प्रयुक्त हुए हैं, उनके नाम लिखिए।

(च) राजप्पा के अलबम की क्या विशेषता थी?

प्रश्न **13.** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। **6**

(क) ईधन (ख) बिलोचन (ग) आगंतुक (घ) सज्जित (ङ) वजह (च) मशहूर

प्रश्न **14.** निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए। **4**

(क) नियम (ख) अकसर (ग) निर्माण (घ) देखभाल

प्रश्न 15.किसने,किससे कहा- **2**

(क) यह काम आपका नहीं है। इसे करने को और बहुत से लोग हैं।

(ख) जब तुम बड़ी हो जाओगी तो तुम दुनिया और उसके आदमियों का हाल मोटी-मोटी किताबों में पढ़ोगी।

प्रश्न **16.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। **5**

(क) सीता जल्दी क्यों थक गई?

(ख) लालटेन का तेल समाप्त होने पर गांधीजी क्या करते थे?

(ग) जादूगर का नाम क्या था?

(घ) 'मैं सबसे छोटी होऊँ'-कविता में कौन छोटे बने रहने की कामना कर रहा है?

(ङ) लेखक ने प्रकृति के अक्षर किन्हें कहा है?

(च) बाँस से क्या-क्या चीज़ें बनाई जाती हैं?

प्रश्न **17.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए। **12**

(क) बाँस को बूढ़ा कब कहा जाता है? बूढ़े बाँस में कौन-सी विशेषताएँ होती हैं जो युवा बाँस में नहीं पाई जाती है?

(ख) नगर से बाहर निकलकर दो पग चलने के बाद सीता की क्या दशा हुई?

(ग) आश्रम के काम करने या करवाने का कौन-सा तरीका गांधीजी अपनाते थे?

(घ) 'मैं सबसे छोटी होऊँ'-कविता में "ऐसे बड़ी न होऊँ मैं" क्यों कहा गया है?

(ङ) लेखक ने संसार को पुस्तक क्यों कहा है?

(च) नौकरों के बारे में गांधीजी के क्या विचार थे?

## खंड-घ (लेखन)

प्रश्न **18.** अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को आवेदन-पत्र लिखिए जिसमें पुस्तकालय के लिए नई पुस्तकें तथा बाल-पत्रिकाएँ मँगवाने की प्रार्थना की गई हो। **5**

अथवा

अपने जन्मदिन पर अपने चाचा जी द्वारा भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद देते हुए चाचा जी को पत्र लिखिए।

प्रश्न **19.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर **50** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । **5**

(क) परोपकार (ख) मेरे सपनों का भारत (ग) बाल दिवस